>

Title: Need to construct Pucca roads in Sabarkantha Parliamentary Consituency in Gujarat and assign the work to PWD of Government of Gujarat.

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): सभापति महोदय, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का मौका अवसर दिया, मैं आपका आभारी हूं। मेरे लोकसभा क्षेत्र साबरकांठा गुजरात के कुछ क्षेत्र खेडण्मा , विजयनगर, भिलोड़ा, मेघरज इत्यादि अरावली जंगल का इलाका है, जिसके आस-पास छोटे-छोटे गांव में बसे आदिवासी समाज (ट्राइबल कम्यूनिटी) एवं अति पिछड़े लोग रहते हैं। इन्हें जंगलों में अछत में बनी कच्ची-पक्की सड़कों का प्रयोग गांवों में आने-जाने के लिए करना पड़ता है। वर्षा ऋतु के दौरान इन कामचलाऊ सड़कों की हालत बहुत बिगड़ जाती है। जिसके कारण ग्रामीणों को आपातकालीन परिस्थितियों अथवा जरूरी कार्यों के लिए आवागमन में अत्यंत कठिनायी होती है। ये सड़के जंगल वन विभाग के संरक्षण में है, इसलिए राज्य सरकार के चाहने पर भी उन कच्ची सड़कों को पक्का नहीं किया जा सकता है। जब भी सड़कों को बनाने जाते हैं तो फॉरेस्ट वाले बंदूक लेकर आ जाते हैं और हमारे लोगों को बोलते हैं कि निकल जाओ यहां से, यहां पक्की सड़क नहीं बन सकती है। मेरा आपके माध्यम से वन एवं पर्यावरण मंत्री जी से अनुरोध है कि इन सड़कों को गुजरात सरकार के मार्ग एवं मकान विभाग को, पीडब्ल्यूडी को हस्तांरित करने हेतु यथाशीघ्र कार्यवाही करें ताकि इन जंगलों में रहने वाले ग्रामीणों को पक्की सड़कों का लाभ मिल सके।